Title: Need to establish a medical college in ESIC Hospital in Jaipur, Rajasthan

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर): मैं सरकार का ध्यान जयपुर में मेडिकल कॉलेज की आवश्यकता के संदर्भ में आकर्षित कराना चाहता हूँ । महोदय कर्मचारी राज्य बीमा निगम जो कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीन आता है, के पूरे भारत में 9 मेडिकल कॉलेज है।

जयपुर राजस्थान की राजधानी है। पिछले एक दशक में जिस हिसाब से जयपुर की आबादी में में वृद्धि हुई है उसी तरह से जयपुर में कर्मचारियों की संख्या में भी भारी वृद्धि हुई है। यहां हजारों की तादाद में कर्मचारी कार्यरत हैं । अतः मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करना चाहूँगा कि जयपुर राजस्थान की राजधानी है। यहाँ स्थित ई० एस० आई० सी हॉस्पिटल में मेडिकल कॉलेज शुरू किया जाता है, तो यहां रहने वाले एवं कार्यरत कर्मचारियों को इसका भरपूर लाभ मिलेगा और साथ ही जयपुर लोकसभा क्षेत्र के आस पास के अन्य 4 संसदीय क्षेत्रों के लोगो को भी लाभ मिलेगा ।

जयपुर में स्थापित ई.एस.आई.सी. हॉस्पिटल में फिलहाल 300 बेड का इन्फ्रास्ट्रक्चर है और यहां एक्सपेंशन स्कोप भी है। यहां मेडिकल कॉलेज स्थापित करने में कोई विशेष भार भी नहीं पड़ेगा ।